**B**

**CCE RR**
**NCERT**
**UNREVISED**
**REDUCED SYLLABUS**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ,**
**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD,**
**MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್ / ಏಪ್ರಿಲ್, 2023**

**S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH / APRIL, 2023**

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

# MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 12. 04. 2023 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H**

Date : 12. 04. 2023 ] **Code No. : 60-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

[ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8 | |
| 1. | 'मधुर' शब्द का विलोम शब्द है –<br>(A) सुमधुर (B) कठोर<br>(C) कुमधुर (D) कठिन<br>**उत्तर :** (B) कठोर | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | निम्न में से बहुवचन रूपी शब्द है –<br>(A) दीवार (B) लाठी<br>(C) लड़कियाँ (D) घोड़ा<br>**उत्तर :** (C) लड़कियाँ | 1 |
| 3. | 'निहारना' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) देखना (B) बोलना<br>(C) ढूँढ़ना (D) हँसना<br>**उत्तर :** (A) देखना | 1 |
| 4. | 'श्रद्धानंद' शब्द में संधि है –<br>(A) यण् (B) गुण<br>(C) दीर्घ (D) विसर्ग<br>**उत्तर :** (C) दीर्घ | 1 |
| 5. | निम्न में से उपसर्गयुक्त शब्द है –<br>(A) शक्तिशाली (B) बेहोश<br>(C) घबराहट (D) चिंतनशील<br>**उत्तर :** (B) बेहोश | 1 |
| 6. | प्राचीन भारत में ग्रामों की दशा अच्छी थी।<br>उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) अल्पविराम (B) अर्धविराम<br>(C) योजक (D) पूर्ण विराम<br>**उत्तर :** (D) पूर्ण विराम | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | 'घर-बाहर' निम्न में से इस समास का उदाहरण है – | |
| | (A) द्विगु (B) द्वंद्व | |
| | (C) तत्पुरुष (D) कर्मधारय | |
| | **उत्तर :** (B) द्वंद्व | 1 |
| 8. | निम्न विशेषणों में भाववाचक संज्ञा है – | |
| | (A) सफलता (B) विलक्षण | |
| | (C) शुद्ध (D) सजग | |
| | **उत्तर :** (A) सफलता | 1 |
| II. | **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** 4 × 1 = 4 | |
| | **अ** **ब** | |
| 9. | वज़ीर अली a) सुमित्रानंदन पंत | |
| 10. | सुलेमान b) कर्नल कालिंज | |
| 11. | करुणामय c) जाँबाज़ सिपाही | |
| 12. | पर्वत प्रदेश में पावस d) सहायक | |
| | e) सब का रखवाला | |
| | f) महादेवी वर्मा | |
| | g) दूसरों पर दया करनेवाला | |
| | **उत्तर :** | |
| | c) जाँबाज़ सिपाही | 1 |
| | e) सब का रखवाला | 1 |
| | g) दूसरों पर दया करनेवाला | 1 |
| | a) सुमित्रानंदन पंत | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** <br> 4 × 1 = 4 | |
| 13. | 'तताँरा-वामीरो कथा' कहाँ की लोककथा है ? <br> **उत्तर :** अंदमान-निकोबार द्वीपसमूह की लोककथा है। | 1 |
| 14. | जापानी में चाय पीने की विधि को क्या कहते हैं ? <br> **उत्तर :** जापानी में चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहते हैं। | 1 |
| 15. | कवि ने किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है ? <br> **उत्तर :** कवि ने कुर्बानियों के काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है। | 1 |
| 16. | कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है ? <br> **उत्तर :** कवि ने तालाब की समानता दर्पण के साथ दिखाई है। | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** <br> 8× 2 = 16 | |
| 17. | लेखक निदा फ़ाज़ली की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा ? <br> **उत्तर :** * कबूतरों की शेष बचे अंडे की रक्षा करते समय माँ के हाथ से गिरकर दूसरा अंडा भी टूट गया। <br> * इसी गुनाह की माफ़ी में माँ ने पूरे दिन का रोज़ा रखा। | 2 |
| 18. | गिन्नी का सोना शुद्ध सोने से कैसे अलग है ? <br> **उत्तर :** * गिन्नी के सोने में थोड़ा-सा ताँबा मिलाया हुआ होता है। <br> * यह ज्यादा चमकता है और मज़बूत भी होता है। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | सवार के जाने के बाद कर्नल कालिंज क्यों हक्का-बक्का रह गया ?<br>**उत्तर :** * सवार वज़ीर अली ही था।<br>* कारतूस कर्नल से ही पाकर उनकी ही जान बख़्श दी थी।<br>* इसलिए सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का रह गया। | 2 |
| 20. | 'तोप' कविता से आपको क्या सीख मिलती है ?<br>**उत्तर :** * तोप चाहे जितना भी बड़ा हो, उसे एक दिन निस्तेज होना पड़ता है।<br>* उसी तरह जो जितना भी शक्तिशाली क्यों न हो एक दिन निष्प्रयोजक होता ही है। | 2 |
| 21. | कवि कैफ़ी आज़मी ने कविता में 'साथियों' संबोधन का प्रयोग क्यों किया है ?<br>**उत्तर :** * देशवासियों को, देश की रक्षा में साथ देने के लिए।<br>* शहीदों की सिलसिला देशवासियों से हमेशा जारी रखने के लिए। | 2 |
| 22. | आत्मत्राण कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ?<br>**उत्तर :** * दुख में अगर सहायक न मिले तो भी<br>* उस समय हमारा बल, पौरुष, आत्मसम्मान कम न हो। | 2 |
| 23. | लेखक और हरिहर काका के बीच का संबंध कैसा था ?<br>**अथवा** | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | हरिहर काका के भाइयों ने अपनी पत्नियों को क्या सीख दी थी ?<br>**उत्तर :** * हरिहर काका लेखक के पड़ोस में रहते थे और बहुत दुलार करते थे।<br>* एक पिता अपने बच्चे से जितना प्यार करता था, उससे कहीं ज्यादा प्यार वह लेखक को देते थे।<br>* अपने कंधे पर बेंठाकर घुमाया करते थे।<br>**अथवा**<br>* काका की अच्छी तरह सेवा करें।<br>* समय पर उन्हें खाना-नाश्ता दें।<br>* किसी बात की तकलीफ होने न दे। | 2 |
| 24. | 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई ?<br>**अथवा**<br>इफ़्फ़न की दादी ने अपने बेटे की शादी में गाने-बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाईं ?<br>**उत्तर :** * 'अम्मी' शब्द सुनते ही मेज़ पर जितने हाय थे रुक गए।<br>* जितनी आँखें थीं वे टोपी के चहरे पर जम गईं।<br>* इस शब्द से परंपराओं की दीवार टूटने लगी।<br>**अथवा**<br>* इफ़्फ़न के दादी के पति मौलवी थे।<br>* मौलवी के घर में गाना-बजाना मना था।<br>* मौलवी साहेव यह पसंद नहीं करते थे। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| V. क) | **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** 9 × 3 = 27 | |
| 25. | खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।<br>**उत्तर :** * कानून भंग के साथ 26 जनवरी 1931 के दिन मैदान में चलनेवाली सभा एक ओपन लड़ाई थी।<br>* जो लोग काम कर रहे थे, उन्हें रोकने की सूचना इंसपेक्टर द्वारा दे दी गई थी।<br>* इधर कौंसिल की ओर से नोटिस निकल गया था कि ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा और मोनुमेंट के नीचे स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी।<br>* इन बातों को स्पष्ट करने के लिए उपर्युक्त वाक्य का उल्लेख किया गया है। | 3 |
| 26. | बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।<br>**उत्तर :** * तताँरा वामीरो की प्रतीक्षा में दिन गुजारने लगा।<br>* उसके लिए जीवन की अकेली प्रतीक्षा थी।<br>* वामीरो की प्रतीक्षा में उसे एक-एक पल पहाड़ की तरह भारी था।<br>* उसके मन में थह शंका भी थी कि अगर वह नहीं आई तो। ऐसा होगा कि उनकी प्रतीक्षा सूरज की किरणें जैसे समुद्र में डूब जाते हैं, उनकी इच्छाएँ भी समाप्त हो जाएँगे। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 27. | उड़ा दिए थे मैंने<br>अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे।<br>**उत्तर :** * कंपनी बाग में रखी तोप पुराना होते हुए भी अपने समय में शक्तिशाली थी।<br>* अपने समय में अनेक वीर योद्याओं का सामना किया।<br>* अनेक वीर योद्धाओं को मार डाला।<br>* वैसे ही हर शक्तिशाली आपने समय में बल प्रदर्शन करने का आशय व्यक्त हुआ है। | 3 |
| **ख)** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** | |
| 28. | तताँरा से देखी गई समुद्र तट के सौंदर्य का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * सूरज समुद्र में अस्तंगत होनेवाला था।<br>* सागर से ठंडी बयारें आ रही थी।<br>* पक्षियों की चह-चहाहट क्षीण हो रही थी।<br>* तट के रेत पर बैठकर सूरज की अंतिम किरणों को निहारने लगा। | 3 |
| 29. | मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं ?<br>**उत्तर :** * बाग में माली बनकर कृष्ण का दर्शन पाना।<br>* मोहल्ले के तंग रास्ते में गोविंद के नाम स्मरण का गीत गाना। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * यमुना के तट पर कुसुम्बी वर्ण का वस्त्र पहनकर कृष्ण की प्रतीक्षा करना।<br>* हमेशा कृष्ण की नाम समरण करते उसकी दासी बनकर रहना। | |
| 30. | वज़ीर अली एक जाबाँज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * वज़ीर अली का एकमात्र लक्ष्य था अंग्रेजों को देश से बाहर करें।<br>* वह बहुत बहादूर सिपाही था जो अन्याय करनेवाले वकील का कत्ल कर दिया था।<br>* निड़र होकर अपनी ही एक सेना संघटन कर स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा था।<br>* कंपनी के खेमे में आकर उन्हीं से कारतूस ले जानेवाला निड़र आदमी था।<br>वह देश के लिए अपने प्राणों की बाज़ी लगानेवाला था, इसलिए (इन्हीं कारणों) उन्हें जाबॉज़ सिपाही कहा जाता है। | 3 |
| 31. | 'मनुष्यता' कविता में उदार व्यक्ति की पहचान कैसे दिखाया गया है ? विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * उदार व्यक्ति खुद से ज्यादा दूसरों की चिंता करता है और परोपकार करता है।<br>* उसकी महानता चरित्र बनकर किताबों में पढ़ी जाती है। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * उसकी कीर्ति हमेशा सजीव रहती है।<br>* समाज में पूजनीय और स्मरणीय बन जाते हैं।<br>* उसकी उदारता से एकता का भाव फैल जाता है। | |
| 32. | **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**<br>पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।<br>ऐकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।।<br>**उत्तर :** * इस दोहे को 'कबीर साखी' से चयनित किया गया है।<br>* यहाँ विद्या और बुद्धि [ मानवीय मूल्य ] पर प्रकाश डाला गया है।<br>* केवल ग्रंथ पढ़ने या रटने से विद्वान नहीं बनता।<br>* जो दूसरों से प्रेम, संवेदनशीलता, का भाव रखे वही पंडित है।<br>* इन सब गुणों के मेल से ही विद्वान बनते हैं। | 3 |
| 33. | **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**<br>मैथिलीशरण गुप्त जी का जन्म झाँसी जिले के चिरगाँव में हुआ। इनकी शिक्षा घर पर ही हुई। वे संस्कृत, मराठी, बांग्ला और अंग्रेजी भाषा जानते थे।<br>**उत्तर :** कन्नड : ಮೈಥಿಲೀಶರಣ ಗುಪ್ತರ ಜನ್ಮ / ಜನನ ಝಾನ್ಸಿ ಜಿಲ್ಲೆಯ ಚಿರಗಾಂವ್‌ನಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಇವರ ವಿದ್ಯಾಭ್ಯಾಸ ಮನೆಯಲ್ಲಿಯೇ ಆಯಿತು. ಇವರು ಸಂಸ್ಕೃತ, ಮರಾಠಿ, ಬಂಗಾಳಿ ಮತ್ತು ಇಂಗ್ಲಿಷ್ ಭಾಷೆಗಳನ್ನು ಬಲ್ಲವರಾಗಿದ್ದರು. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | English : Maithili Sharana Gupt born in Chiragaon of Jhansi District. He took his eduction from home. He knew Sanskrit, Marathi, Bengali and English languages. | |
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** $2 \times 4 = 8$ | |
| 34. | बड़े भाई साहब के विशेष गुणों पर प्रकाश डालिए।<br>**अथवा**<br>छोटे भाई का व्यक्तित्व बड़े भाई के व्यक्तित्व से बिलकुल अलग था, कैसे ? विवरण दीजिए।<br>**उत्तर :** * बड़े भाई साहब अध्ययनशील व्यक्ति थे।<br>* बहुत जिम्मेदार और भाई की रक्षा करनेवाले थे।<br>* वे अच्छे आदमी थे।<br>* माता-पिता के आदर और उनके परिश्रम को समझते थे।<br>* घर की स्थिति के कारण अपनी इच्छाओं को दबाकर रखते थे।<br>* अपनी हार न मानकर अथक परिश्रम में मग्न रहनेवाले थे।<br>* पराजय होने के बाद भी निश्चल मन से आगे बढ़ने की कोशिश करते थे।<br>* भाई को बेराह होने से बचाने का प्रयत्न करते थे ।<br>[ उपर्युक्त में से कोई पाँच या छः अंश ]<br>**अथवा**<br>* छोटे भाई अपने बड़े भाई से 5 साल छोटे थे। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * उसका मन पढ़ने में बिलकुल नहीं लगता था।<br>* हमेशा मैदान में खेलना पसंद करते थे।<br>* मौका पाते ही अपने साथियों से मिलने चले जाते थे।<br>* समय पालन और कर्त्तव्य पालन हमेशा नहीं करते थे।<br>* स्कीम तो बहुत बढ़िया बनाते थे, पर उसका अनुपालन नहीं करते थे।<br>* दरजे में अव्वल आने से अपने आप पर घमंड करते थे।<br>* जीवन की समझ बहुत कम थी।<br>[ उपर्युक्त में से कोई पाँच या छः अंश ] | |
| 35. | **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**<br>सौरभ फैला ..............................................<br>...........................................................<br>...........................................................<br>............................................ गल गल !<br>**उत्तर :** सौरभ फैला विपुल धूप बन,<br>मृदुल मोम सा धुल रे मृदु तन,<br>दे प्रकाश का सिंधु अपरिमित,<br>तेरे जीवन का अणु गल गल। | 4 |
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 1 × 4 = 4<br>नागालैंड असम के पूर्व और मणिपुर के उत्तर में स्थित है। इसका भू-प्रदेश पर्वतीय है। यहाँ वर्षा भी काफ़ी होती है, जिसके फलस्वरूप | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा खेतों में अच्छी उपज होती है। यहाँ के लोग प्रकृति की तरह मोहक हैं। इनका शरीर स्वस्थ, सुडौल और ताम्र वर्ण का होता है। नागा लोग कई उपजातियों में बँटे हुए हैं जिनमें कीन्याक, सेमा, लोया, आओ और अंगामी प्रमुख हैं। इन उपजातियों के रीति-रिवाज़ों में काफ़ी अंतर है।<br>**प्रश्न :**<br>अ) नागालैंड का भू-प्रदेश कैसा है ?<br>आ) नागालैंड के खेतों में अच्छी उपज क्यों होती है ?<br>इ) नागा लोगों का शरीर कैसा होता है ?<br>ई) नागा लोग किन-किन उपजातियों में बँटे हुए हैं ? | |
| | **उत्तर :** अ) नागालैंड का भू-प्रदेश पर्वतीय है। | 1 |
| | **उत्तर :** आ) यहाँ वर्षा भी काफी होती है जिसके फलस्वरूप पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा खेतों में अच्छी उपज होती है। | 1 |
| | **उत्तर :** इ) नागा लोगों का शरीर स्वस्थ, सुडौल और ताम्रवर्ण का होता है। | 1 |
| | **उत्तर :** ई) नागा लोग कीन्याक, सेमा, लोया, आओ और अंगामी उपजातियों में बँटे हुए हैं। | 1 |
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>क) **पर्यावरण**<br>* प्रस्तावना<br>* प्रदूषण के प्रकार<br>* परिहारोपाय<br>* उपसंहार | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ख) **पुस्तकालय**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ महत्व<br>✳ लाभ<br>✳ उपसंहार<br>ग) **समाचार पत्र**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ प्रकार<br>✳ लाभ<br>✳ उपसंहार | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5 | |
| 38. | एक उचित कारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>शाला शैक्षिक यात्रा के लिए अपने पिताजी से 1,000/- रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>पारिवारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | 5 |